सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, 06 दिसम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि)ने बुधवार को राजभवन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तराखण्ड राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित 'राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता' के उत्कृष्ट 16 प्रतिभागियों को पुरस्कार, मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किए।

बच्चों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यदि हम दृढ़ संकल्प, इच्छाशक्ति और पूरे मनोयोग से कोई कार्य करें तो हमें सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने बच्चों की शानदार चित्रकला पर गद्गद हृदय से बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बशर्ते हम इन प्रतिभाओं को संवारने, उनको आगे बढ़ने में हर तरह से सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि इस उम्र में चुनौतियों के बावजूद आप अपनी लगन, प्रतिभा एवं जूनून के बल पर यहां तक पहुंचे है, जोकि हम सब के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को स्वयं भी सांकेतिक भाषा में शाबासी एवं शुभकामनाएं देकर सभी को हतप्रभ कर दिया। राज्यपाल ने बच्चों की सफलता के लिए उनके शिक्षकों द्वारा किए जा रहे अथक प्रयासों की भूरी–भूरी प्रशंसा की। राज्यपाल ने सभी ग्रुपों के उत्कृष्ट कुल 16 प्रतिभागी बच्चों में से प्रत्येक को 10–10 हजार रूपये पारितोषिक दिए जाने की घोषणा की।

उत्तराखण्ड राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव पुष्पा मानस ने बताया कि राज्य स्तर पर 11 जनपदों के कुल 102 बच्चों ने उत्तराखण्ड बाल भवन में 05 दिसम्बर को विभिन्न विषयों पर आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जिसमें सामान्य एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के आयु वर्ग के अनुसार 4 ग्रुप बनाए गए, प्रत्येक ग्रुप में राज्य स्तर पर प्रथम को 5 हजार, द्वितीय को 3 हजार एवं तृतीय को 2 हजार रूपये के साथ ही मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड राज्य बाल कल्याण परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश बाबला, उपाध्यक्ष मधु बेरी सहित बच्चों के शिक्षक उपस्थित रहे।

..........0...........